JOTI JOURNAL

JUNE 2015 (BI-MONTHLY)

मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर - 482 007

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY

HIGH COURT OF MADHYA PRADESH, JABALPUR - 482 007

JOTI JOURNAL JUNE - 2015

SUBJECT- INDEX

PART-I
(ARTICLES & MISC.)

PART-II
(NOTES ON IMPORTANT JUDGMENTS)

ACT/ TOPIC NO.	NOTE NO.	PAGE

ARBITRATION AND CONCILIATION ACT, 1996
माध्यस्थ और सुलह अधिनियम, 1996

CIVIL PROCEDURE CODE, 1908
सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

(ii) Framing of issues – Duty of Court – Law explained – The obligation and duty to frame issues is solely cast on the Court which may, nevertheless, elicit suggestions from the litigants-adversaries before it.

धारा–11 – (i) कई वाद – एक कामन निर्णय द्वारा निराकृत– डिक्री की अंतिमता– पूर्व न्याय या रेसज्यूडिकेटा के सिंद्धात का लागू होना – विधि समझायी गई।

(ii) वाद पदों की रचना – न्यायालय का कर्त्तव्य – विधि समझायी गई – वाद पद विरचित करने का दायित्व और कर्त्तव्य केवल न्यायालय पर होता है वे अर्थात न्यायालय पक्षकारों से इस बारे में सुझाव ले सकते हैं।

(iii) वाद प्रश्न विरचित न करने का प्रभाव। **118*** **216**

Sections 96, 100, 149, 151 and Orders 7 Rule 11 (c) & Order 41 Rule 33 – (i) Whether deficiency in court fees is curable at appellate stage? Held, Yes.

(ii) Powers of appellate court, scope of.

धारा 96, 100, 149, 151 और आदेश 7 नियम 11 (सी) और आदेश 41 नियम 33 – (i) क्या न्यायालय शुल्क की अपर्याप्ता को अपील के स्तर पर सुधारा जा सकता है? अभिनिर्धारित किया गया, हाँ।

(ii) अपील न्यायालय की शक्तियों का विस्तार। **119′** **218**

Section 99 and Order 1 Rules 9 & 10 – Maintainability of suit – Improper and defective description of parties, non-effect of.

धारा 99 और आदेश 1 नियम 9 और 10 – वाद की प्रचलनशीलता – पक्षकारों के विवरण का अनुचित और त्रुटिपूर्ण होने का प्रभाव न होना। **120*** **219**

Order 1 Rule 10 – Joinder of party – Addition of party resulting in triangular fight – Cannot be allowed.

आदेश 1 नियम 10 – पक्षकार का संयोजित किया जाना – यदि पक्षकार को जोड़े जाने का परिणाम विवाद को त्रिपक्षीय बना देता हो तब पक्षकार के जोड़े जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

121 **219**

Order 1 Rule 10 – Suit relating to trust property – Applicant is a beneficiary of the Trust – Filed application under Order 1 Rule 10 CPC for making him party – He is not a stranger to the dispute but a proper party – Application allowed.

आदेश 1 नियम 10 – न्यास की संपत्ति संबंधी वाद – न्यास के एक हितग्राही ने आदेश 1 नियम 10 सी.पी. सी. का आवेदन स्वयं को पक्षकार बनाने का प्रस्तुत किया – वह विवाद के लिये एक अंजान व्यक्ति या स्ट्रेंजर नहीं है बल्कि एक उचित पक्षकार है – आवेदन स्वीकार किया गया।

122* **221**

Order 6 Rule 17 – Prayer for amendment contrary to the basic pleading, made after seeking several adjournments with an aim to procrastinate the trial – Is impermissible

आदेश 6 नियम 17 — संशोधन की प्रार्थना जो कि मूल अभिवचनों के विरूद्ध है कई स्थगन लेने के बाद विचारण को विलंबित करने के उद्देश्य से की गई — यह (संशोधन की प्रार्थना) अनुमति योग्य नहीं है। **123*** **221**

Order 7 Rule 3 – Suit for the relief of permanent prohibitory injunction – Effect of non mentioning the length and width of the suit land.

आदेश 7 नियम 3 — स्थायी निषेधात्मक व्यादेश के अनुतोष का वाद — वाद संपत्ति की लंबाई व चौड़ाई (वाद पत्र में) दर्ज न करने का प्रभाव। **124** **221**

Order 11 Rule 14 – Power to direct a party to produce documents, conditions stated therefor.

आदेश 11 नियम 14 — एक पक्षकार को दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश देने की शक्ति के प्रयोग के लिये शर्ते बतलाई गई। **125** **223**

Order 21 Rule 97 – Application under Order 21 Rule 97 of the Code, procedure therefor.

आदेश 21 नियम 97 — आदेश 21 नियम 97 के आवेदन पर प्रक्रिया। **126*** **223**

Order 21 Rules 97, 99, 100, 101 103 and 107 – Resistance or obstruction for possession of immovable property by third party, maintainability of.

Appealable decree/deemed decree and non-appealable order – Law explained.

आदेश 21 नियम 97, 99, 100, 101, 103 और 107 — तृतीय पक्ष द्वारा अचल संपत्ति के आधिपत्य लेने में प्रतिरोध या बाधा की प्रचलनशीलता ।

अपील योग्य आज्ञप्ति, डीम्ड डिक्री और अपील योग्य न होने वाले आदेश के बारे में विधि समझाई गई। **127** **224**

Order 26 Rule 9 – Interim application for appointment of commissioner in appeal, determination of.

आदेश 26 नियम 9 — अपील में कमीश्नर नियुक्ति के लिये अंतरिम आवेदन का निर्धारण किया जाना। **128** **229**

Order 39 Rules 1 and 2 – See section 41 (b) of Specific Relief Act, 1963.

आदेश 39 नियम 1 और 2 — देखें विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 41 (बी)। **129** **231**

Order 39 Rules 1 and 2 – Temporary injunction against alienation – Held, to prevent complications resulting from creation of third party interest, injunction can be granted against creation of such interest.

आदेश 39 नियम 1 और 2 — अंतरण के विरूद्ध अस्थायी निषेधाज्ञा — अभिनिर्धारित किया गया, जटिलता को रोकने जो कि तृतीय पक्ष के हित सृजित होने के परिणाम से होगी, निषेधाज्ञा जारी की जा सकती है।

Order 41 Rules 31 and 33 – Duties of first appellate court, explained.

आदेश 41 नियम 31 व 33 — प्रथम अपील न्यायालय के कर्त्तव्य। **131 (ii)** **233**

CRIMINAL PROCEDURE CODE, 1973

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973

Section 125 – Filing of application for maintenance, limitation therefor.

Second marriage, proof of – Cogent evidence is required to be adduced.

Maintenance, eligibility therefor.

धारा 125 — भरण पोषण के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की परिसीमा।

द्वितीय विवाह का प्रमाण — इसके लिये अकाट्य प्रमाण आवश्यक होता है।

भरण पोषण के लिये पात्रता। **132*** **234**

Sections 125 and 128 – Attachment of salary in execution of maintenance order, requirement of.

धारा 125 और 128 — भरण पोषण के आदेश के निष्पादन में वेतन कुर्की के लिये अनिवार्यतायें। **133*** **234**

Section 154 – Appreciation of documentary evidence – FIR – It should contain the essential features of the prosecution case but cannot be expected to be an encyclopedia of whole prosecution case.

धारा 154 — दस्तावेजी साक्ष्य का मूल्यांकन — प्रथम सूचना प्रतिवेदन — इसमें अभियोजन के प्रकरण के आवश्यक मुख्य तथ्य होना चाहिये किन्तु यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि यह अभियोजन के पूरे प्रकरण के विश्व ज्ञान कोष या इनसाइक्लोपीडिया के समान होगा। **152 (i)** **275**

Section 154 – Effect of non-mentioning of names of all witnesses in the FIR.

धारा 154 — सभी गवाहों के नाम प्रथम सूचना प्रतिवेदन में दर्ज न करने का प्रभाव।

134 (i) **235**

Sections 156 (3), 190 and 202 (1) – Power to direct investigation u/s 156 (3) of the Code – Re-exercise is impermissible.

धारा 156 (3), 190 और 202 (1) — धारा 156 (3) द.प्र.सं. के अधीन अनुसंधान का निर्देश देने की शक्ति — इस शक्ति का पुनः प्रयोग (उसी मामले में दो बार प्रयोग) अनुमत नहीं है।

135 **236**

Sections 173 and 190 – Cognizance is a process where the court takes judicial notice of an offence – The court is not bound by the report submitted by the police under section 173(2) Cr. P.C.

CRIMINAL TRIAL :

दांडिक विचारण :

— Court, duty of – The Court cannot be a mute spectator, particularly in criminal cases and shun its primary duty of finding out the truth from the material on record – It has to punish the guilty and protect the innocent.

False plea taken by accused, effect of – A false plea is to be taken as an additional circumstance against the accused.

Appeal against acquittal – Power of Appellate Court, scope and exercise of.

न्यायालय का कर्तव्य – न्यायालय एक मूक दर्शक नहीं हो सकता है, विशेषकर दांडिक मामलों में यह उसका प्राथमिक कर्तव्य है कि वह अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री से सत्य का पता लगाये – उसे दोषी को दंडित करना चाहिये और निर्दोष को संरक्षित करना चाहिये।

अभियुक्त द्वारा एक असत्य बचाव लेने का प्रभाव – अभियुक्त द्वारा एक असत्य बचाव लेना उसके विरूद्ध परिस्थिति की एक अतिरिक्त श्रृंखला होती है।

दोषमुक्ति के विरूद्ध अपील – अपील न्यायालय की शक्ति का विस्तार और प्रयोग।

155 (i),(iii) & (v) **281**

– (i) Sentencing policy:

(a) Sentence, object of – It serves a three-fold purpose; punitive, deterrent, and protective.

(b) Death sentence, imposition of – Aggravating and mitigating circumstance, consideration of.

(ii) Victimology – It is the paramount duty of the Court to provide justice to the incidental victims of the crime (i.e. the family members of the deceased persons) – Appropriate and proportional sentence requires to be imposed.

(i) दंड नीतिः

(a) दंड का उद्देश्य – इसके तीन उद्देश्य है दंडात्मक, निवारक और सुरक्षात्मक – कठोर दंड अपराध की गंभीरता को दर्शाता है, विधि का सम्मान अग्रसर करना अपराध के लिये युक्तियुक्त दंड देने के लिये होता है साथ ही उसी प्रकार के अपराध से समुदाय को सुरक्षित करना और दांडिक आचरण में सुधार लाना भी इसका लक्ष्य होता है।

(b) मृत्यु दण्ड दिया जाना – परिस्थितियाँ स्पष्ट की गई।

(ii) विक्टिमोलॉजी – अपराध से पीड़ित के प्रति न्यायालय के कर्तव्य स्पष्ट किये गये।

139 **240**

DIVISION OF PROPERTY OF CHRISTIANS:

(i) Christian Family – Concept of joint family property or coparceners under Hindu Law, non-applicability of – The concept of coparceners or joint family property is exclusive to the Hindu Law and is not existent amongst Christians.

(ii) Absolute owner – A Christian who inherited property from his parents is the absolute owner of such property – He can divide and distribute property as per his wish.

ईसाईयों में संपत्ति का विभाजन :

(i) ईसाई परिवार – संयुक्त हिन्दू परिवार की संपत्ति या सहदायिक की हिन्दू विधि के अधीन धारणा का लागू न होना – सहदायिक या संयुक्त हिन्दू परिवार की संपत्ति की धारणा केवल हिन्दू विधि के लिये है इसका विस्तार ईसाईयों तक नहीं है।

(ii) निरपेक्ष या पूर्ण स्वामी – एक ईसाई जो उसके माता–पिता से संपत्ति उत्तराधिकार में प्राप्त करता है वह ऐसी संपत्ति का पूर्ण स्वामी होता है – वह उस संपत्ति को उसकी इच्छा अनुसार विभाजित और वितरित कर सकता है। **140 245**

ELECTRICITY ACT, 2003

विद्युत अधिनियम, 2003

Section 154 – Filing of private complaint in respect of an offence relating to unauthorized consumption of electricity, necessity therefor – Submission of complaint to police prior to filing of complaint before Special Court is not *sine qua non* – Electricity Company may directly file private complaint before the Court.

धारा 154 – विद्युत के अनाधिकृत उपभोग के संबंध में निजी परिवाद का प्रस्तुत किया जाना – विशेष न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत करने के पूर्व पुलिस को शिकायत करना आवश्यक शर्त नहीं है – विद्युत कंपनी न्यायालय के समक्ष सीधे परिवाद प्रस्तुत कर सकती है।

141 247

EVIDENCE ACT, 1872

साक्ष्य अधिनियम, 1872

Section 3 – Appreciation of evidence – Previous animosity – It is a double edged weapon – Can be a basis for false implication and can also be a motive for the crime, decided by the court on facts and circumstances of each case.

धारा 3 – साक्ष्य का मूल्यांकन – पूर्व वेमनस्य – यह एक दो धार वाला हथियार है – यह एक असत्य फंसाने का आधार हो सकता है, अपराध करने का हेतू भी हो सकता है, न्यायालय प्रत्येक प्रकरण के तथ्यों और परिस्थितियों में निर्णीत करती है (की पूर्व वेमनस्य का प्रभाव क्या है)।

134 (ii) 235

Section 3 – See sections 378 and 386 of the Criminal Procedure Code, 1973

धारा 3 – देखें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 378 और 386 **158** **288**

Sections 8 and 27 – Discovery of fact and recovery of articles under section 27 of the Evidence Act – Law explained.

Distinction between the conduct of an accused, admissible under section 8 and the statement made to police in the course of investigation – Law explained.

What is excluded by section 162 of Cr.P.C. is the statement made to Police Officer in the course of investigation and not the evidence relating to the conduct of an accused person (not amounting to a statement) when confronted or questioned by a Police Officer during the course of an investigation.

धारा 8 और 27 – धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत तथ्यों का पता लगना और वस्तुओं की बरामदगी संबंधी विधि समझाई गई।

अभियुक्त के आचरण जो की धारा 8 साक्ष्य अधिनियम के तहत ग्राह्य है और उसके द्वारा अनुसंधान के दौरान पुलिस को दिये गये कथन में अंतर – विधि समझाई गई।

151 (ii) & (iii) **267**

Section 32 (1) – Appreciation of evidence – Minor discrepancies and infirmities in investigation, non-effect of – Available overwhelming evidence proving the offence alleged, cannot be discredited or rejected on account of minor discrepancies in evidence and infirmities in investigation.

धारा 32 (1) – साक्ष्य का मूल्यांकन छोटे विरोधाभास और अनुसंधान की कमी का प्रभाव न होना – अभिलेख पर अभिकथित अपराध को प्रमाणित करने के लिये पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है उस पर केवल छोटे विरोधाभासों और अनुसंधान की कमियों के आधार पर अविश्वास नहीं किया जा सकता।

155 (ii) **281**

Section 32 (1) – Dying declaration of 'A' relating to cause of death of herself and 'B' – Whether it is admissible for the cause of death of 'B' ?

धारा 32 (1) – 'ए' का मृत्यु पूर्व कथन जो उसकी स्वयं की व 'बी' की मृत्यु के कारण के बारे में था – क्या यह (मृत्यु कालिन कथन) 'बी' की मृत्यु के कारण के बारे में ग्राह्य है?

142 **249**

Sections 65-A and 65-B – Admissibility of an electronic evidence – Source and authenticity are the two key factors for an electronic evidence so, at the time of admitting such evidence, the court should bear in mind the above two factors.

धारा 65-ए और 65-बी – एक इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की ग्राह्यता – स्त्रोत व अधिकतृता एक इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के दो मुख्य कारक होते हैं अतः न्यायालय को ऐसी साक्ष्य ग्राह्य करते समय उक्त दो कारक मस्तिष्क में रखना चाहिये। **143 (ii)** **250**

When above Exception is attracted, conviction can be altered to section 304 Part I IPC instead of section 302 IPC.

धारा 300 का अपवाद 4, धारा 302 और 304 – कब धारा 300 भा.द.सं. का अपवाद 4 आकर्षित होता है? अभिनिर्धारित किया गया जहां 4 अनिवार्यतायें संतुष्ट हो जाती है वहां धारा 300 का अपवाद 4 आकर्षित होता है।

जहां उक्त अपवाद आकर्षित होता है वहां धारा 302 भा.द.सं. के स्थान पर दोषसिद्धि 304 भाग I भा.द.सं. में परिवर्तित करना चाहिये। **147** **257**

Section 302 – As many as 20 injuries, all incised wounds, were found all over the body of deceased/wife – Immediately before the death of the deceased/wife, when the accused/husband and deceased/wife were living together, the entire burden was upon the accused to show as to who else was responsible for killing the deceased.

Submission of accused for lesser sentence, denied.

धारा 302 – बीस चोटें, जो सभी छेदित घाव या इंसाइज्ड वूंड थी, मृतक/पत्नी के पूरे शरीर पर पाई गई थी – जब अभियुक्त/पति और मृतक/पत्नी, मृतक/पत्नी की मृत्यु के ठीक पूर्व साथ–साथ रह रहे थे अभियुक्त पर यह पूरा भार (प्रमाण भार) था कि वह यह दर्शावे की मृतक की हत्या के लिये कौन उत्तरदायी है।

अभियुक्त का कम दण्ड देने का तर्क – नकारा गया। **148** **259**

Sections 302 and 304 Part 1 – Conviction can be altered to section 304 Part I IPC in place of section 302 IPC.

धारा 302 और 304 भाग 1 – दोषसिद्धि धारा 302 भा.द.सं. के स्थान पर 304 भाग I भा.द.सं. में परिवर्तित की जा सकती है। **149** **261**

Sections 302, 326 and 460 – Offence under sections 302, 326 and 460 of IPC – Acid attack – Death of a married woman by acid burns caused by accused, who had an evil eye and wanted to keep her and also caused injuries to other persons who went to her rescue – Offences charged were proved beyond reasonable doubt by duly proved dying declaration and statements of eye witnesses – FIR was also lodged promptly – Imposition of death penalty – Reference under section 366 Cr.P.C., confirmation of – Held, Trial Court rightly awarded death penalty to accused – Further held, persons who suffered disfiguration and burn injuries are entitled to adequate compensation.

धारा 302, 326 और 460 – धारा 302, 326 और 460 के अधीन अपराध – अम्ल या एसिड द्वारा हमला अभियुक्त द्वारा कारित अम्ल द्वारा हमले से एक विवाहित महिला की मृत्यु हुई जिस पर अभियुक्त बुरी नजर रखता था और उसे उसके साथ रखना चाहता था तथा बचाने आये एक व्यक्ति को उपहति कारित हुई – प्रत्यक्ष साक्षीगणों के कथन और सम्यक रूप से प्रमाणित मृत्यु पूर्व कथन से अपराध युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित हुआ – प्रथम सूचना तत्काल दर्ज करवाई गई थी – मृत्यु दंड अधिरोपित किया गया – धारा 366 द.प्र.सं. के अधीन उसकी पुष्टि के लिये निर्देश – अभिनिर्धारित किया गया विचारण न्यायालय ने अभियुक्त को मृत्यु दंड सही दिया है

– व्यक्ति जिन्हें जलने के कारण चोटे आयी और विद्रूपीकरण हुआ, पर्याप्त प्रतिकर पाने के हकदार है। **150** **264**

Sections 302 and 376 – Offence of rape alongwith murder – Death sentence, confirmation of – Law explained.

धारा 302 और 376 – हत्या सहित बलात्कार का अपराध – मृत्यु दण्ड की पुष्टि – विधि समझाई गई। **151 (i)** **267**

Section 304-B – Accused/husband was acquitted by High Court – Claim of parity by mother–in–law.

धारा 304-बी – अभियुक्त/पति उच्च न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किया गया था – सास द्वारा समानता का दावा । **152 (ii)** **275**

Section 304-B – (i) Offence under section 304-B IPC, ingredients of and word 'shown', connotation of.

(ii) Offence under section 304-B IPC – The word 'soon', interpretation of.

(iii) Initial presumption of innocence of the accused, replacement of by an assumption of guilt – Burden of proof.

(iv) Dowry death – Cruelty – Soon before death – Wife committed suicide within one year of her marriage – It cannot be said that cruelty was not soon before death.

(v) Presumption of innocence, importance of.

(vi) Dowry death – Family members of husband, implication of – If accused husband not living with parents and/or other family members, stronger proof is required to implicate family members of the accused husband.

(vii) Guilt of accused husband – Acquittal of father, brother or other family members, non-effect of – Law explained.

(viii) FIR – Delay, non-effect of – Wife died allegedly by consuming poison – FIR lodged on the next day i.e. after 10 hours of incident – Held, in fact delay has no effect as it cannot be said to be inordinate delay.

धारा 304–बी – (i) धारा 304 बी भा.द.सं. के अपराध के घटक में शब्द ''दर्शाया'' का अर्थ – वास्तव में इसका अर्थ ''प्रमाणित करना'' है।

(ii) धारा 304 बी भा.द.सं. का अपराध – शब्द ''कुछ पूर्व'' या ''soon'' का अर्थान्वयन।

(iii) अभियुक्त के निर्दोष होने की प्रारंभिक उपधारणा का स्थान दोषसिद्धि की धारणा द्वारा लिया जाना – प्रमाण भार।

(iv) दहेज मृत्यु – मृत्यु के ठीक पूर्व क्रूरता पत्नी ने विवाह के 1 वर्ष के भीतर आत्महत्या की – यह नहीं कहा जा सकता की मृत्यु के ठीक पूर्व क्रूरता नहीं थी।

(v) निर्दोष होने की उपधारणा का महत्व – स्पष्ट किया गया।

(vi) दहेज मृत्यु – पति के परिवार के सदस्यों को लिप्त किया जाना।

(vii) अभियुक्त पति का दोषी होना – पिता, भाई या परिवार के अन्य सदस्यों की दोषमुक्ति का प्रभाव न होना – विधि समझाई गई।

(viii) प्रथम सूचना प्रतिवेदन – विलंब का प्रभाव न होना – अभिकथित रूप से जहर का सेवन करने से पत्नी की मृत्यु – घटना के 10 घंटे बाद अगले दिन प्रथम सूचना दर्ज करवायी गई – अभिनिर्धारित किया गया, विलंब का कोई प्रभाव नहीं है क्योंकि यह असामान्य विलंब नहीं है।

153* **276**

Sections 304-B and 498-A – Dowry death – Bride burning.

(i) Acquittal of co-accused (i.e. sister-in-law of deceased) – Criminal liability of the other accused person (i.e. mother-in-law of deceased), non-effect of.

(ii) Dowry death, proof of.

(iii) Dowry death – Bride burning – Sentencing – Undue sympathy is not warranted with respect to crime against women and children.

धारा 304-बी और 498-ए – दहेज मृत्यु – बहु को जलाना।

(i) ननंद सह–अभियुक्त की दोषमुक्ति – अन्य अभियुक्त सास के दांडिक दायित्व पर इसका प्रभाव न होना –

(ii) दहेज मृत्यु का प्रमाण।

(iii) दहेज मृत्यु – बहु का जलाना – दंड – महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध अपराध के संबंध में अनावश्यक दयालुता आवश्यक नहीं होती है। **154** **279**

Sections 304-B and 498-A – Dowry death, proof of – Death of the deceased was within seven years of marriage – Was subjected to harassment for dowry soon before her death by her husband and mother-in-law who were living together – Death was in circumstances other than natural and not accidental – Accused persons; husband and mother-in-law of the deceased, living in the same house, took false plea that they had no idea that the deceased received burn injuries – Although subsequent dying declaration recorded by Magistrate was inconsistent but the same recorded earlier by the Police Officer was consistent with the circumstances on record – Held, offences duly proved – Allowing the appeal against acquittal, conviction recorded by the Trial Court restored.

धारा 304-बी और 498-ए – दहेज मृत्यु का प्रमाण – मृत्यु विवाह के 7 वर्ष के भीतर हुई – सास और पति द्वारा मृत्यु के ठीक पूर्व पत्नी को दहेज की मांग को लेकर तंग किया जाना प्रमाणित हुआ है – मृत्यु सामान्य से भिन्न परिस्थितियों में हुई थी और दुर्घटनावश नहीं हुई थी – अभियुक्तगण पति और सास उसी घर में मृतक के साथ रहते थे और उन्होंने यह असत्य बचाव लिया की मृतक को जलने से कैसे चोटें आई उसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं – मजिस्ट्रेट द्वारा अभिलिखित किये गये मृत्यु पूर्व कथन में विसंगतता थी किन्तु पुलिस द्वारा उसके पूर्व अभिलिखित मृत्यु पूर्व कथन में स्थिरता थी – अभिनिर्धारित किया गया अपराध सम्यक रूप से प्रमाणित हुआ

– दोषमुक्ति के विरूद्ध अपील को स्वीकार किया गया और विचारण न्यायालय द्वारा दिये गये दोषसिद्धि के आदेश को पुनः कायम किया गया। **155 (vi) 281**

Sections 304-B and 498-A – Offences under sections 304-B and 498-A IPC are not mutually inclusive – If an accused is acquitted under one offence, it does not mean that the accused cannot be convicted for another offence.

धारा 304-बी और 498-ए – धारा 304.बी और 498.ए भा.द.सं. के अधीन अपराध परस्पर एक दूसरे में शामिल नहीं है – यदि अभियुक्त को इनमें से एक अपराध में दोषमुक्त कर दिया गया हो तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उसे दूसरे अपराध में दोषसिद्ध नहीं किया जा सकता। **156 286**

Sections 353 and 503 – A page created by traffic police on the Face book – Posting comment on it by accused – Whether constitute offences under sections 353 and 503 of IPC? Held, No, because it is a forum for the public to put forth their grievances – Accused may have *bona fide* belief that it was within permissible limits – No ingredients of the alleged offences are *prima facie* satisfied.

धारा 353 और 503 – यातायात पुलिस द्वारा फेसबुक पर एक पेज या पृष्ठ सृजित किया गया – अभियुक्त द्वारा उस पेज पर कमेंट या टिप्पणी दर्ज की गई – क्या धारा 353 व 503 भा.द.सं. के अपराध का गठन होता है? अभिनिर्धारित किया गया, नहीं क्योंकि यह आमजन के लिये एक फोरम है जिसमें वे अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है – अभियुक्त को यह सद्भावनापूर्ण विश्वास हो सकता है कि उसने अनुमत सीमा में टिप्पणी या कमेंट किये है – प्रथम दृष्ट्या अभिकथित अपराध के घटक संतुष्ट नहीं होते है। **157 287**

Sections 363 and 364-B – See sections 378 and 386 of the Criminal Procedure Code, 1973.

धारा 363 और 364-बी – देखें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 378 और 386। **158 288**

Section 420 – See section 200 of the Criminal Procedure Code, 1973.

धारा 420 – देखें दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 200। **159 290**

JUVENILE JUSTICE (CARE AND PROTECTION OF CHILDREN) ACT, 2000

किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000

Section 7-A – See Rule 12 (3) (b) of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Rules, 2007.

धारा 7-ए – देखें किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) नियम, 2007 का नियम 12 (3) (बी)। **160 291**

Sections 12, 52 and 53 – Legal position regarding bail of juvenile in conflict with law:

(i) Heinousness, seriousness, severity, gravity of crime are no grounds for rejection of bail.

(ii) The bail can only be rejected on the grounds (or exceptions) stated in section 12 of J.J. Act, 2000.

(iii) The provisions of section 12 of J.J. Act, 2000 are independent of general provisions of bail enshrined in sections 437 and 439 of the Cr.P.C., 1973.

धारा 12, 52 और 53 – विधि संबंधित विरोध में किशोर की जमानत संबंधित विधिक स्थितिः–

(i) अपराध की जघन्यता, गंभीरता, प्रचंडता, विकटता जमानत निरस्त करने के आधार नहीं है।

(ii) जमानत केवल धारा 12 अधिनियम, 2000 में बतलाये आधारों (या अपवादों) पर निरस्त की जा सकती है।

(iii) धारा 12 अधिनियम, 2000 के प्रावधान धारा 437 और 439 दं.प्र.सं. के सामान्य प्रावधानों से स्वतंत्र प्रावधान है। **161 293**

Section 15 – If it is proved that on the date of offence the accused was juvenile, the maximum period for which he could be kept in a special home is for three years – Where such period has already lapsed, he should be released immediately – ***Ajay Kumar v. State of M.P., 2010 (15) SCC 83*** relied on.

धारा 15 – यदि यह प्रमाणित होता है कि अपराध करने की तारीख पर अभियुक्त किशोर था – उसे अधिकतम अवधि जिसके लिये विशेष गृह में रखा जा सकता है वह 3 वर्ष होती है – जहां ऐसी अवधि पहले से निकल चुकी हो उसे तत्काल रिहा कर देना चाहिये। अजय कुमार विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2010 (15) एस.सी. सी. 83 पर विश्वास किया गया। **162 295**

JUVENILE JUSTICE (CARE AND PROTECTION OF CHILDREN) RULES, 2007
किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) नियम, 2007

Rule 12 (3) (b) – Applicant is deaf and dumb – Never admitted in any school – Only possible method to decide his claim of juvenility is to obtain medical opinion from the duly constituted Medical Board in terms of Rule 12(3) of the Rules, 2007.

नियम 12 (3) (बी) – आवेदक गूंगा और बहरा है – उसे कभी किसी स्कूल में दाखिल नहीं करवाया गया – उसके किशोरावस्था का दावा निराकृत करने का एक मात्र संभव उपाय, सम्यक रूप से गठित मेडिकल बोर्ड से नियम 12 (3) के अनुसार राय लेना है। **160 291**

Rules 12 and 98 – See section 15 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2000.

नियम 12 और 98 – देखें किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 15। **162 295**

LAND ACQUISITION ACT, 1894

भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894

Sections 4, 6 and 11 – Land acquisition proceeding initiated under the Act of 1894, lapse of after coming into force of section 24 (2) of the Act of 2013 – Law explained.

धारा 4, 6 और 11 — भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही अधिनियम, 1894 के तहत प्रारंभ की गई, धारा 24 (2) अधिनियम, 2013 के लागू होने के बाद लेप्स होना — विधि समझाई गई।

163 **296**

LAND REVENUE CODE, 1959 (M.P.)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959

Sections 162 and 248 – (i) Section 162 of the Code, applicability of.

(ii) Section 248 of the Code, eviction there under – Law explained.

धारा 162 और 248 — (i) धारा 162 का लागू होना।

(ii) धारा 248 के अधीन निष्कासन — विधि समझाई गई। **164** **298**

MUSLIM LAW:

मुस्लिम विधि :

(i) Divorce (Khula), neaning of.

(ii) Khula, when can be effected?

(iii) Application u/s 12 of Protection of Women from Domestic Violence Act by divorced Muslim wife, maintainability of.

(i) तलाक (खुला) का अर्थ।

(ii) खुला, कब प्रभावशील किया जा सकता है?

(iii) तलाक शुदा पत्नी द्वारा धारा 12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के आवेदन की प्रचलनशीलता। **165** **300**

N.D.P.S. ACT, 1985

स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985

Sections 8 and 20 – See sections 12, 52 and 53 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2000.

धारा 8 और 20 — देखें किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 12, 52 और 53। **161** **293**

NEGOTIABLE INSTRUMENTS ACT, 1881

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881

PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988

Sections 7 and 13 – Twin requirements are *sine qua non* for proving the offence under section 7 of the Act of 1988 – Firstly, the demand and secondly, the voluntary acceptance of illegal gratification – If these are proved by evidence, then conviction must follow under section 7 of the Act of 1988.

धारा 7 और 13 – धारा 7 अधिनियम, 1988 के अपराध को प्रमाणित करने के लिये 2 अनिवार्यतायें आवश्यक होती है – पहली अवैध परितोषण की मांग, दूसरी उसको स्वेच्छा से स्वीकार कर लेना – यदि साक्ष्य से ये दो तथ्य प्रमाणित हो जाते हैं तो धारा 7 अधिनियम, 1988 के तहत् दोषसिद्धि होना चाहिये।

170 **309**

PROPERTY LAW :

संपत्ति विधि :

- See Division of Property of Christians
- देखें ईसाईयों में संपत्ति का विभाजन **140** **245**

RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT ACT, 2013

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013

Section 24 (2) – (i) Nature of second proviso of section 24 (2) (as inserted vide Amendment Ordinance of 2014 w.e.f. 01.01.2015 – It is prospective in operation.

(ii) Interpretation of Statues – Fresh legislation, whether prospective or retrospective?

(iii) Award was passed on 06.08.2007 under the old Act of 1894 – Neither physical possession taken nor compensation paid – More than five years have already passed – Land acquisition proceedings are deemed to have lapsed in terms of section 24 (2) of the Act of 2013.

धारा 24 (2) – (i) धारा 24 (2) के द्वितीय परंतुक की प्रकृति (जिसे संशोधन अध्यादेश 2014 दिनांक 01.01. 2015 से प्रभावशील द्वारा जोड़ा गया है) – यह भविष्यलक्षी लागू होता है।

(ii) विधि का अर्थान्वयन – एक नवीन विधान – भूतलक्षी या भविष्यलक्षी कैसा होगा।

(iii) अवार्ड भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 के तहत् दिनांक 6.8.2007 को पारित किया गया – न तो भूमि का भौतिक आधिपत्य लिया गया था न ही प्रतिकर भुगतान किया गया था – 5 वर्ष से अधिक समय बीत चुका था – भूमि अधिग्रहण कार्यवाही धारा 24 (2) अधिनियम, 2013 के अर्थो में समाप्त या लेप्स हो जाना मानी जायेगी।

171 **310**

Section 24 (2) – See sections 4, 6 and 11 of the Land Acquisition Act, 1894.

धारा 24 (2) – देखें भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 4, 6 और 11।

163 **296**

PART - I

सम्पादकीय

प्रदीप कुमार व्यास,
प्रभारी संचालक

सम्मानीय पाठक गण,

इस अंक में धारा 357–ए द.प्र.सं, 1973 के क्रम में बनायी गई ''मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015'' को शामिल किया गया है जो 31 मार्च 2015 के राजपत्र में प्रकाशित हुई है और राजपत्र में प्रकाशन दिनांक से ही यह योजना प्रदेश में लागू हो चुकी है। इस योजना की लंबे समय से प्रतीक्षा थी।

इस अंक में विद्युत अधिनियम, 2003 के मामलों में अपराध के शमन को लेकर उत्पन्न प्रश्न और उस पर समाधान शामिल किया गया है। इन मामलों में अपराध का शमन अधिक होता है और हमारे नवनियुक्त विशेष न्यायाधीश महोदय के मन में कई प्रश्न होते हैं जिनको इस लेख में शामिल किया गया है।

इन दो माहों में एक कार्यक्रम अपर जिला न्यायाधीशगण के एडवांस कोर्स का 11 मई 2015 से 15 मई 2015 तक आयोजित किया गया है वहीं जून के अंतिम सप्ताह में एक कार्यशाला मोटरयान अधिनियम के अधीन क्लेम प्रकरणों पर और दूसरी कार्यशाला 27 एवं 28 जून 2015 को एन.डी.पी. एस. एक्ट पर रखी गई है।

माह फरवरी 2015 के अंक में कागज की गुणवत्ता अच्छी नहीं रही है जिस बारे में मुद्रक को कागज की गुणवत्ता सुधारने के लिये कहा जा चुका है।

तेरहवे वित्त आयोग की राशि से क्रय की गई बुक सेल्फ वर्ष 2012 बेच तक के समस्त न्यायाधीशों के लिये गोदरेज कंपनी की शीघ्र ही संबंधित कंपनी द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर सप्लाई की जावेगी। शेष न्यायाधीशों के लिये ऐसी बुक सेल्फ मिल सके इसके लिये आगे प्रयास किया जायेगा।

अप्रैल 2015 का अंक 27.04.2015 को अकादमी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। हार्डकापी शीघ्र प्रेषित की जायेगी।

जून 2015 का यह अंक 19.05.2015 को अकादमी की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है ताकि हमारे सदस्यगण को नवीनतम वैधानिक स्थिति शीघ्र पता लग सके।

इस पत्रिका को लेकर आपके अमूल्य सुझाव हर बार की तरह इस बार भी आमंत्रित करता हूँ। और आशा करता हूं कि आपकी ओर से अनुकरणीय सुझाव प्राप्त होंगे।

आपका
प्रदीप कुमार व्यास

कमजोर तब रूकते हैं,
जब वे थक जाते हैं,
और विजेता तब थमते हैं,
जब वे जीत जाते हैं,

एक विद्वान

•

विद्युत अधिनियम, 2013 अपराधों का शमन

प्रदीप कुमार व्यास
प्रभारी संचालक

सामान्य विधि में जिस तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 320 में अपराधों के शमन या समझौते की व्यवस्था है उसी प्रकार विशेष विधियों में भी अपराधों के शमन की व्यवस्था है यहाँ हम विद्युत अधिनियम, 2003 में अपराधों के शमन के बारे में विचार करेंगे। विद्युत अधिनियम के मामलों में समझौते अधिक होते है और उनको लेकर कई प्रश्न हमारे नव नियुक्त विशेष न्यायाधीशों के मन में रहते है ऐसे ही प्रश्न और उनके समाधान यहां दिये जा रहे हैं ताकि दैनिक न्यायिक कार्य में आसानी हो सके और न्यायालयों का महत्वपूर्ण समय बच सके।

प्रश्न 1 :– विद्युत अधिनियम, 2003 में शमन के बारे में सामान्य प्रावधान क्या है?

उत्तरः– धारा 152 (1) विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुसार दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में अर्न्तविष्ट या समाहित किसी बात के होते हुए भी,

समुचित सरकार या उसके द्वारा इस बाबत् प्राधिकृत कोई अधिकारी,

किसी उपभोक्ता या व्यक्ति से,

जिसने इस अधिनियम के तहत दण्डनीय विद्युत चोरी का कोई अपराध कारित किया है या जिस पर यह युक्तियुक्त संदेह है कि उसने ऐसा अपराध किया है।

अपराध का शमन करने के लिए टेबिल या तालिका में वर्णित राशि स्वीकार कर सकेंगे।

समुचित सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा तालिका की दरों को संशोधित कर सकेंगे।

धारा 152 (1) अधिनियम अपराधों के शमन के बारे में मूलभूत प्रावधान है।

प्रश्न 2 :– समुचित सरकार क्या है?

उत्तरः– अधिनियम की धारा 2 (5) के अनुसार समुचित सरकार से तात्पर्य :–

(a) (i) ऐसी उत्पादन कम्पनी के बाबत् जो पूर्णतः या अंशतः उसके स्वामित्व की हो,

(ii) विद्युत के किसी अर्न्तराज्यिक उत्पादन, पारेषण, व्यापार या प्रदाय के संबंध में और किन्हीं खानों, तेल, क्षेत्रों, रेल, राष्ट्रीय राजमार्गों, हवाई अड्डों, तार, प्रसारण केन्द्र और कोई रक्षा संक्रम, डाकयार्ड, परमाणु शक्ति संस्थापन के बाबत् और,

(iii) राष्ट्रीय भार प्रेक्षण केन्द्र और प्रादेशिक भार प्रेक्षण केन्द्र के बाबत्

(iv) उसके या उसके नियंत्रणाधीन किसी संक्रम या विद्युत संस्थापन के संबंध में, केन्द्रीय सरकार

अभिप्रेत है।

(b) किसी अन्य दशा में इस अधिनियम के अधीन अधिकारिता रखने वाली राज्य अभिप्रेरित है।

उक्त परिभाषा से यह स्पष्ट है कि यदि मामला केन्द्र की विषय वस्तु जैसे रेल, राष्ट्रीय राजमार्ग, हवाई अड्डे, रक्षा आदि के बारे में है तब समुचित सरकार का तात्पर्य केन्द्रीय सरकार होगा और अन्य दशा में राज्य सरकार होगा।

प्रश्न 3:– समुचित सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी कौन हो सकते है?

उत्तरः– मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक–एफ–1–05–07/13 दिनांक 6 अक्टूबर 2007 जिसका प्रकाशन म.प्र. राजपत्र (पार्ट–1) दिनांक 19/10/2009 पेज 2551 पर किया गया है, के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल या उसकी वितरण कम्पनियों द्वारा नियुक्त किये गये फेंचाइजी के समतुल्य अधिकारियों को अधिसूचना दिनांक 30/06/2006, संशोधित अधिसूचना दिनांक 21/08/2008 के अनुसार विद्युत चोरी के अपराध का प्रशमन करने के लिए निर्धारित राशि स्वीकार करने हेतु अधिकृत किया गया है, जो इस प्रकार है :–

अ. समस्त निम्नदाब या लोटेंशन संस्थापनों के लिए जो कि 15 हार्स पावर तक के हो, कार्यपालन यंत्री (एक्जीक्यूटिव इंजीनियर) या फ्रेंचाइजी के समतुल्य रैंक का कोई अधिकारी।

ब. समस्त निम्नदाब या लोटेंशन संस्थापनों के लिए जो कि 15 हार्स पावर से अधिक हो अधीक्षक यंत्री (सुपरीट्रेडिग इंजीनियर) या फ्रेंचाइजी के समतुल्य रैंक का कोई अधिकारी।

स. समस्त उच्च दाब या हाइटेंशन संस्थापनों के लिए मुख्य अभियंता (चीफ इंजीनियर) या फेंचाइजी के समतुल्य रैंक का कोई अधिकारी।

प्रश्न 4 :– कौन से अपराध शमन योग्य है?

उत्तरः– एक मत यह है कि केवल विद्युत की चोरी जो कि धारा 135 विद्युत अधिनियम, 2003 में वर्णित है वहीं शमन योग्य है क्योंकि धारा 152 में यह शब्दावली है कि किसी उपभोक्ता या व्यक्ति जिसने इस अधिनियम के तहत दण्डनीय विद्युत चोरी का कोई अपराध किया है या जिस पर यह युक्तियुक्त संदेह है कि उसने विद्युत चोरी का अपराध किया है इससे यह स्पष्ट होता है कि केवल विद्युत की चोरी का अपराध ही शमन योग्य है।

दूसरा मत यह है कि धारा 138 विद्युत अधिनियम, 2003 भी समझौता योग्य है क्योंकि इसमें भी मीटर या अनुज्ञप्ति धारी के संक्रर्मो में जो बाधा डाली जाती है उसका सामान्यतः उद्देश्य विद्युत चोरी करना ही होता है।

मेरे मत में धारा 135 के तहत विद्युत चोरी में ही समझौता स्वीकार करना अधिक युक्तियुक्त प्रतीत होता है क्योंकि विधायिका ने धारा 152 अधिनियम में जो शब्दावली काम में ली है वह बिल्कुल स्पष्ट है और केवल विद्युत चोरी के संबंध में है।

प्रश्न 5 :– अन्य अपराध जो राजीनामा योग्य नहीं है उसमें क्या किया जा सकता है?

उत्तरः— यदि एक ही मामले में कुछ अपराध समझौता योग्य हो और कुछ न हो जैसे 135 विद्युत अधिनियम समझौता योग्य है और अन्य अपराध जैसे 138, 136, 137 अधिनियम के अपराध भी हो तो परिवादी धारा 321 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत अन्य अपराधों के मामले वापस ले सकते है या विड्रो कर सकते है।

प्रश्न 6 :— अधिनियम में मामलों को वापस लेने या विड्रा करने के बारे में कोई प्रावधान नहीं है तब क्या किया जा सकता है ?

उत्तरः— धारा 155 विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित को छोड़कर दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधान जहाँ तक कि वे इस अधिनियम के उपबंधों के साथ असंगत नहीं है विशेष न्यायालय के समक्ष कार्यवाहियों को लागू होंगे। इस प्रावधान से यह स्पष्ट है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्य प्रावधान इन कार्यवाहियों में काम में लिये जा सकते हैं अतः धारा 321 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत मामला वापस लेने या विड्रावल की कार्यवाही की जा सकती है।

प्रश्न 7:— क्या धारा 150 विद्युत अधिनियम के तहत विद्युत चोरी के दुष्प्रेरण का अपराध समझौता योग्य है?

उत्तरः— धारा 320 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अनुसार जब कोई अपराध शमनीय है तो ऐसे अपराध का दुष्प्रेरण या ऐसे अपराध को कारित करने का प्रयत्न में भी शमन किया जा सकेगा।

उपर धारा 155 भारतीय विद्युत अधिनियम पर विचार किया गया है जिसके अनुसार दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान विशेष न्यायालय की कार्यवाहियों में यदि वे इससे असंगत नहीं हैं तो लागू किये जा सकते हैं अतः 320 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता को भी लागू किया जा सकता है और धारा 150 विद्युत अधिनियम के तहत चोरी के अपराध का दुष्प्रेरण भी समझौता योग्य है।

प्रश्न 8 :— विद्युत चोरी के अपराध में शमन करने के बारे में परिसीमा क्या है ?

उत्तर :— धारा 152 (4) विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत किसी अपराध का शमन करने के लिए किसी व्यक्ति या उपभोक्ता को केवल एक बार अनुमति दी जा सकती है यही परिसीमा है अर्थात् ऐसा व्यक्ति जो बार–बार विद्युत चोरी अपराध के लिए अभियोजित किया जाता है उसे अनुमति नहीं दी जा सकती है और यह प्रावधान आज्ञापक है।

प्रश्न 9 :— शमन शुल्क की दरें क्या है ?

उत्तर :— शमन शुल्क की दरें निम्न प्रकार से है :—

सारणी

क्र.	प्रवर्ग	विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 152 में विनिर्दिष्ट राशि	संशोधित दर जिस पर प्रशमन करने के लिए धनराशि प्रति किलोवाट (के. डब्ल्यू.)/अश्वशक्ति (एच.पी.) या उसका भाग, निम्नदाव (एल.टी.) की सप्लाई और प्रति किलोवाट एम्पीयर (के.वी.ए.) उच्चदाब (एच.टी.) की सप्लाई के लिए संविदात्मक मांग के अनुसार संग्रहित की जानी है।	
1.	औद्योगिक सेवा	रू. 20,000	10 हार्सपावर तक	रू. 2,000 प्रति हार्सपावर और उसका भाग
			10 हार्सपावर से तथा 20 हार्सपावर तक	रू. 5,000 प्रति हार्सपावर और उसका भाग
			20 हार्सपावर से ऊपर और उसका भाग	रू. 10,000 प्रति हार्सपावर
2	वाणिज्यिक सेवा	रू. 10,000	5 किलोवाट तक	रू. 1000 प्रति हार्सपावर और उसका भाग
			5 किलोवाट से ऊपर	रू. 2500 प्रति हार्सपावर और उसका भाग
3	कृषि सेवा	रू. 2,000	—	रू. 1000 प्रति हार्सपावर और उसका भाग
				अधिसूचना दिनांक 21/08/2008 अनुसार संशोधित दर रू. 100 प्रति हार्सपावर और उसका भाग
4	अन्य सेवा	रू. 1,000	—	रू. 1000 प्रति हार्सपावर और उसका भाग

प्रश्न 10 :— पुराने विद्युत अधिनियम, 1910 की धारा 39 के प्रकरणों में भी समझौता किया जा सकता है?

उत्तर :— धारा 152 विद्युत अधिनियम, 2003 की यह शब्दावली स्पष्ट है कि किसी उपभोक्ता या व्यक्ति जिसने इस अधिनियम के तहत दण्डनीय विद्युत चोरी का अपराध किया है इससे स्पष्ट है कि पुराने अधिनियम के अपराध समझौता योग्य नहीं है।

प्रश्न 11:— धारा 152 विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत समझौता किस स्टेज पर किया जा सकता है ?

उत्तरः– धारा 152 (2) विद्युत अधिनियम, 2003 से स्पष्ट है कि यदि कार्यवाही संस्थित करने

से पहले ही समझौता हो जाता है तो न्यायालय में कार्यवाही संस्थित नहीं की जायेगी और यदि संस्थित कर दी है तो जारी नहीं रखी जाएगी और ऐसे व्यक्ति को अभिरक्षा से स्वतंत्र कर दिया जाऐगा। इस प्रकार अपराध पंजीबद्ध होने के बाद और निर्णय सुनाने के पूर्व किसी भी समय संबंधित उपभोक्ता या व्यक्ति शमन कर सकता है। शमन की कोई स्टेज निर्धारित नहीं की गयी है।

प्रश्न 12 :– शमन का प्रभाव क्या है?

उत्तर :– धारा 152 (3) विद्युत अधिनियम के तहत शमन का प्रभाव दोषमुक्ति माना जाता है।

प्रश्न 13 :– मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अतिरिक्त सचिव द्वारा दिनांक 7/12/2007 को जारी प्रपत्र किस संबंध में है ?

उत्तरः– यह प्रपत्र कंपनी के प्राधिकृत अधिकारियों के लिए शमन के निर्देश के संबंध में है लेकिन यह निर्देश विशेष न्यायालय के ध्यान में होना आवश्यक है जो इस प्रकार है :–

(ए) अपराध के शमन के लिए सर्वप्रथम आवश्यक है कि अभियोगी (कंपनी प्राधिकारी) एवं आरोपी (उपभोक्ता या व्यक्ति जिसने विद्युत चोरी का अपराध किया है या जिसके संबंध में युक्तियुक्त रूप से संदेह है कि उसने ऐसा किया है) परस्पर अपराध शमन करने हेतु उचित शर्तों पर राजी हों अर्थात् दोनों पक्षों की स्वीकृति, अपराध शमन हेतु आवश्यक है। यह कार्यवाही एकपक्षीय नहीं हो सकती।

(बी) अपराध शमन हेतु प्रकरण को अधिकृत अधिकारी द्वारा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष पेश करना होगा। सक्षम प्राधिकारी की अनुमति लेकर ही अपराध शमन किया जा सकेगा। यह अधिकारी शमन शुल्क स्वीकार करने वाला एक मात्र सक्षम प्राधिकारी है। अन्य कोई नहीं।

(सी) सक्षम प्राधिकारी के लिए आवश्यक नहीं है कि वह प्रत्येक प्रकरण में अपराध शमन स्वीकार करें।

(डी) अपराध का शमन विशेष न्यायालय में प्रकरण दर्ज करने के पूर्व भी किया जा सकेगा अर्थात् ऐसे प्रकरण जिसमें परिवाद दाखिल करने के पूर्व ही अपराध शमन किया गया है को अदालत में प्रस्तुत न किया जावे।

(इ) आरोपी व्यक्ति द्वारा अपराध शमन हेतु आवेदन करने पर अधिकृत/निर्धारण अधिकारी को अपने अभिमत सहित प्रकरण सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करना चाहिए जिसमें निम्न जानकारी सम्पादित हो।

1. निर्धारण आदेश अनुसार उपभोक्ता/व्यक्ति द्वारा सम्पूर्ण राशि जमा करा दी गई है और कोई भी बकाया राशि शेष नहीं है।
2. उपभोक्ता/व्यक्ति द्वारा पूर्व में किसी अन्य प्रकरण में अपराध शमन सुविधा का उपयोग नहीं किया गया है। (धारा 152 (4))
3. विशेष न्यायालय द्वारा विचाराधीन प्रकरणों में कोई निर्णय नहीं दिया गया है।

(एफ) सक्षम प्राधिकारी अपराध शमन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर विचारोपरांत एतस्मिन पश्चात्

उल्लेखित प्रपत्र क्रमांक 3 में विद्युत शमन शुल्क जमा कराने हेतु आवश्यक सलाह (बैंक संज्ञापन पत्र) संबंधित व्यक्ति को अथवा वह उपलब्ध नहीं हो तो निर्धारण अधिकारी को जारी कर सकेगा। इस कार्य हेतु कृपया ध्यान रहे कि अपराध शमन की कार्यवाही केवल सक्षम प्राधिकारी ही कर सकेगा। सक्षम प्राधिकारी इस कार्य हेतु किसी अन्य अधिकारी को अधिकार प्रत्यायोजित नहीं कर सकेगा।

(जी) विद्युत चोरी के अपराध शमन हेतु प्राप्त किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने हेतु भी प्राधिकृत आधिकारी सक्षम होगा यदि उसकी यह राय है कि इसे स्वीकार करने पर कंपनी के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

(एच) केवल धारा 135 के प्रकरण को ही अपराध शमन किया जा सकेगा।

(आई) अपराध शमन स्वीकार करने की दिनांक को ही एक आदेश जारी किया जायेगा। एतस्मिन् पश्चात् उल्लेखित प्रपत्र क्र. (4) अनुसार जारी आदेश के बिना अपराध शमन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं मानी जा सकेगी। अपराध शमन स्वीकार करने के पश्चात् विशेष न्यायालय को अपराध शमन स्वीकार करने की सूचना एतस्मिन पश्चात् उल्लेखित प्रपत्र क्र. 5 में प्रेषित करेगा। किन्तु यह सूचना केवल उन्हीं प्रकरणों में भेजी जावेगी जिन प्रकरणों में परिवाद न्यायालय में लंबित है।

(जे) अपराध शमन स्वीकार करने की स्थिति में आरोपी व्यक्ति पर किसी भी न्यायालय में प्रकरण जारी नहीं रह पाएगा तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 300 अनुसार आरोपी व्यक्ति को दोषमुक्त माना जावेगा। (धारा 152 (4))

(के) ऐसे प्रकरण जिनमें विशेष न्यायालय द्वारा कारावास अथवा अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है, अपराध शमन स्वीकार न करें।

(एल) शमन शुल्क निर्धारण तालिका द्वारा अनंतिम/अंतिम आदेश में नहीं जोड़ा जाना चाहिए तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा तालिका अनुसार निर्धारित राशि के अतिरिक्त अन्य राशि जैसे अभिभाषक शुल्क प्रदाय करने की शर्त, शमन शुल्क स्वीकार करने के पूर्व नहीं लगाई जानी चाहिए।

(एम) किसी व्यक्ति/उपभोक्ता को अपराध शमन शुल्क की जानकारी एतस्मिन पश्चात् उल्लेखित निर्धारित संलग्न प्रपत्र क्र. 6 के अनुसार दी जा सकती है।

(एन) विद्युत शमन शुल्क की राशि राज्य शासन के मद में जमा की जाती है ।

(ओ) विद्युत चोरी का प्रकरण तब तक समाप्त नहीं माना जावेगा जब तक विद्युत उपभोक्ता द्वारा निर्धारण राशि जमा नहीं करा दी गई हो तथा अपराध शमन शुल्क लेकर सक्षम अधिकारी द्वारा अपराध शमन स्वीकार न कर लिया गया हो। अर्थात् विद्युत चोरी (धारा 135) के प्रत्येक प्रकरणों में निर्धारित अपराध शमन राशि जमा किये बिना, सक्षम प्राधिकारी स्तर पर ''अपराध खात्मा/शमन'' नहीं किए जा सकेंगे एवं विधि अनुसार अन्य सभी विकल्प यथा परिवाद दाखिल करना आदि खुले रहेंगे।

प्रश्न 14:– विद्युत अधिनियम में पुनर्विलोकन या रिव्यू के बारे में क्या प्रावधान है ?

उत्तर :– धारा 157 विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुसार विशेष न्यायालय, किसी याचिका पर या अन्यथा घोर अन्याय या मिस्केरिज ऑफ जस्टिस के रोकने के लिए धारा 154 विद्युत अधिनियम,

2003 के तहत पारित किसी निर्णय या आदेश का पुनर्विलोकन कर सकता है जिसका आधार यह हो सकेगा :–

1. आदेश तथ्य की भूल के तहत पारित किया गया था।

2. आदेश किसी तात्विक तथ्य की अवहेलना में पारित किया गया था।

3. आदेश में अभिलेख के दृश्यमान भाग पर ही कोई त्रुटि है।

कोई भी विशेष न्यायालय प्रभावित पक्षकार को सुने बिना किसी भी पुनर्विलोकन आवेदन को स्वीकार नहीं करेंगे या आदेश में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे।

उक्त प्रावधान के तहत कोई भी विशेष न्यायालय धारा 154 के तहत अपने ही द्वारा पारित किसी निर्णय या आदेश का पुनर्विलोकन कर सकते हैं।

प्रश्न – 15 यदि पुलिस ने विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया है और उसके साथ भारतीय दण्ड संहिता के अपराध का भी उल्लेख है तब क्या उस अन्य अपराध के लिये पृथक विचारण के निर्देश देना चाहिये?

उत्तर – न्याय दृष्टांत आनंद द्विवेदी विरूद्ध द स्टेट ऑफ एम.पी. दांडिक पुनरीक्षण 1835/2009 निराकृत दिनांक 22 मार्च 2013 जबलपुर बैंच निर्णय चरण 7 में माननीय उच्च न्यायालय ने यह प्रतिपादित किया है कि विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत् गठित विशेष न्यायालय को इस अधिनियम के साथ–साथ अन्य अपराधों के विचारण की भी शक्तियाँ होती है। धारा 155 विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुसार विद्युत अधिनियम के अधीन गठित विशेष न्यायालय को सत्र न्यायालय की समस्त शक्तियाँ होती है ऐसे में वह भारतीय दण्ड संहिता के अन्य अपराधों का विचारण भी विद्युत अधिनियम, 2003 के अपराध के साथ–साथ कर सकती है।

न्याय दृष्टांत वाले मामले में धारा 429 भारतीय दण्ड संहिता के तहत भी अभियोग पत्र प्रस्तुत किय गया था।

•

PART - II
NOTES ON IMPORTANT JUDGMENTS

***117. ARBITRATION AND CONCILIATION ACT, 1996 – Sections 5 and 34**

(i) When merits of an arbitral award can be looked into by the Court? Held, when Court finds that the award is said to be in conflict with the public policy of India then in certain specified circumstances, merits of the award can be looked into.

(ii) When it is said that the award is in conflict with the public policy of India? Held, when it is contrary to:

(1) Fundamental policy of Indian law,

(2) The interest of India,

(3) Justice or morality,

(4) It is patently illegal, illegality must go to the root of the matter.

(iii) What are the sub-heads of fundamental policy of India ? Held, the sub-heads are:

(1) Duty to adopt a judicial approach,

(2) Follow the principle of natural justice,

(3) Reasonableness in taking decision,

(4) Compliance with law of precedents.

(iv) What are the sub-heads of patent illegality? Held, the sub-heads are: –

(2) Against the substantive law of India,

(3) Against the provisions of the Act of1996,

(4) Against the terms of contract.

माध्यस्थ और सुलह अधिनियम, 1996 – धारा 5 और 34

(i) कब न्यायालय द्वारा माध्यस्थ अवार्ड के गुणदोषों को देखा जा सकता है? अभिनिर्धारित किया गया, जब न्यायालय यह पाती है कि अवार्ड भारत की लोकनीति के विरूद्ध है तब कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में अवार्ड के गुणदोषों को देखा जा सकता है।

(ii) कब यह कहा जा सकता है कि अवार्ड भारत की लोकनीति के विरूद्ध है? अभिनिर्धारित किया गया, जब अवार्ड :–

(1) भारत की मूलभूत नीति के विरूद्ध हो,

(2) भारत के हित के विरूद्ध हो,

(3) न्याय या नैतिकता के विरूद्ध हो,

(4) वह प्रत्यक्षतः अवैध हो, अवैधता मामले की जड़ तक जाना चाहिये।

(iii) भारत की मूलभूत नीति के उपशीर्ष क्या है? अभिनिर्धारित किया गया, उपशीर्ष निम्नलिखित है :–

(1) न्यायिक सोच अपनाने का कर्त्तव्य,

(2) प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का अनुसरण करना,

(3) निर्णय लेने में युक्तियुक्तता होना,

(4) पूर्व निर्णयों का अनुपालन करना।

(iv) प्रत्यक्षतः अवैधता के उपशीर्ष क्या है? अभिनिर्धारित किया गया, उपशीर्ष निम्नलिखित है :–

(1) भारत के तात्विक कानून के विरूद्ध होना,

(2) माध्यस्थ और सुलह अधिनियम, 1996 के विरूद्ध होना,

(3) संविदा के शर्तों के विरूद्ध होना।

Associate Builders v. Delhi Development Authority

Judgment dated 25.11.2014 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No.10531 of 2014, reported in (2015) 3 SCC 49

•

***118. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 11**

(i) Multiple suits – Disposal of by one common judgment – Decree, finality of – Principle of *res judicata*, applicability of – Law explained – One suit filed by respondents and two filed by appellants – In all the suits, question of appellants' title over suit property was directly and substantially involved – There was common trial of all the suits in view of common issues and common evidence involved in all the three suits – By a common judgment, the Trial Court dismissed one suit of the respondents and one suit of the appellants but decreed one suit of appellants regarding arrears of rent – An appeal was filed by respondents against one of the decrees only – Held, non-filing of appeals by respondents and appellants against all the respective adverse decrees resulted in their attaining status of "former suits" and finality – Further held, finding that appellants had title over suit property, contrary to respondents' claim, had become final and operated as *res judicata* and in absence of appeals against adverse decrees, respondents were barred by principle of *res judicata* from challenging finding of the trial court.

(ii) Framing of issues – Duty of Court – Law explained – The obligation and duty to frame issues is solely cast on the Court which may, nevertheless, elicit suggestions from the litigants-adversaries before it – Issues settled by the Court under Order 14 CPC constitute the crystallization of the conflict or the

distillation of the dispute between the parties to the *lis* and are in the nature of disputed questions of fact and/or of law – Further held, while discharging this primary function, the Court is expected to peruse the pleadings of the parties in order to extract their essence, analyse the allegations of the parties and the contents of the documents produced by them.

(iii) Non-framing of issues, effect of – Where parties are aware of the rival cases, failure to formally formulate an issue fades into insignificance, especially when it is prominently present in the connected matters and extensive evidence has been recorded on it without demur.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 – धारा–11

